कायाकल्प अभियान के प्रगति की डीएम की समीक्षा

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा समाहरणालय की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक जिले के सभी डीसीएलआर उपस्थित



स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिले में चल रहे अभियान कायाकल्प की प्रगति थे जबकि अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालयों में चल रहे रंग रोगन की जानकारी प्राप्त की गई एवं इस कार्यक्रम में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले में जो भी भवनहीन विद्यालय हैं उसके लिए संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।सभी डीसीएलआर इस कार्य में शिक्षा विभाग के पदाधिकरियों एवं अंचल अधिकारियों को सहयोग प्रदान करें गे। जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को इस कार्य का नियमित रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति : राधा मोहन

मोतिहारी। भाजपा के देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आज मोतिहारी के बरियारपुर बनकट स्थित एस.एन.एस. टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 'युवा संवाद ः लोकतंत्र बनाम अराजकता' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं को देश की चुनौतियों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव, पारदर्शिता और शुद्ध मतदाता सूची पर निर्भर करती है। मतदाता सूची से 13 करोड़ नाम हटाए जाने की खबरों को भ्रामक बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाताओं को चिह्नित किया गया था। विपक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता को भ्रमित कर रहा है। श्री सिंह ने कहा कि देश की संप्रभुता, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। युवाओं को भ्रामक प्रचार से बचते हुए संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की निर्णायक भूमिका बताते हुए नशे से दूर रहने, अनुशासन अपनाने और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के संस्थापक एवं समाजसेवी आलोक शर्मा, प्राचार्य सहित सैकड़ों युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

छठ घाटों की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

सुरक्षा और साफ-सफाई में तेजी लाने का निर्देश

मोतिहारी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं उप महापौर लाल बाबू प्रसाद गुप्ता के साथ शहर के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में बेगमपुर बैलखाना, पश्चिमी गोपालपुर स्थित सत्यदेव बाबू छठ घाट तथा मीना बाजार के समीप वृक्षा स्थान घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मोतीझील सहित शहर के सभी प्रमुख छठ घाटों की शीघ्र साफ-सफाई कराने, घाटों पर जमा कचरे को हटाने तथा घाटों का रंग-रोगन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने घाटों पर पानी की गहराई को ध्यान में रखते हुए खतरनाक एवं गहरे स्थानों को चिह्नित करने तथा वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकना और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव करना है। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर भी विशेष जोर दिया गया। छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए मोतीझील के किनारे के पथों सहित नगर क्षेत्र में जहां-जहां अतिक्रमण है, उसे हटवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही छठ घाटों एवं वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा हो।जिला प्रशासन एवं मोतिहारी नगर निगम द्वारा शहर के सभी छोटे-बड़े छठ घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए तैयारियां तेज की जा रही हैं। प्रशासन का प्रयास है कि लोक आस्था के इस महापर्व पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और पूजा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

लड़की की अपहरण का फर्जी वीडियो वायरल करना पड़ा महंगा

मोतिहारी (आससे)। सोशल मीडिया पर लड़की के अपहरण का भ्रामक एवं फर्जी वीडियो प्रसारित कर समाज में भ्रम, उन्माद और अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर थाना मोतिहारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले के प्राथमिकी अभियुक्त मनीष कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें और भ्रामक वीडियो फैलाने वालों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित किया जा रहा था। वीडियो में एक लड़की को जबरन गोद में उठाकर बोलेरो वाहन में बैठाते हुए दिखाया गया था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक लड़की को बचाने का प्रयास करता हुआ नजर आ रहा था। वीडियो के साथ आपत्तिजनक कैप्शन भी लिखा गया था, जिससे आम लोगों के बीच लड़की के अपहरण की वास्तविक घटना होने का भ्रम उत्पन्न हो रहा था। साइबर पुलिस की जांच में खुली फर्जी वीडियो की पोल मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना मोतिहारी ने वीडियो की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि प्रसारित किया जा रहा वीडियो किसी वास्तविक अपहरण की घटना पर आधारित नहीं था, बल्कि पूरी तरह से स्क्रिप्टेड यानी पूर्व नियोजित था। वीडियो को जानबूझकर आपत्तिजनक कैप्शन के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था। जांच में फेसबुक अकाउंट संचालक मनीष कुमार दास, इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से उक्त फर्जी वीडियो प्रसारित किए जाने की जानकारी सामने आई। पुलिस के अनुसार, इस प्रकार के भ्रामक वीडियो के जरिए समाज में उन्माद फैलाने, सामाजिक शांति भंग करने तथा आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। इस मामले में फेसबुक अकाउंट संचालक मनीष कुमार दास, पिता समेन्द्र दास, निवासी धनखड़िया सोनवर्षा, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण एवं दो अन्य के विरुद्ध मोतिहारी साइबर थाना कांड संख्या 162/2026 दर्ज किया गया है। मामले में साइबर थाना एवं जिला आसूचना इकाई की संयुक्त त्वरित कार्रवाई में प्राथमिकी अभियुक्त मनीष कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की अपील : सोशल मीडिया पर किसी भी वीडियो को बिना सत्यापन न करें प्रसारित। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला प्रत्येक वीडियो या सूचना वास्तविक नहीं होती।

डीपीएम ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

चकिया (आससे)। डीपीएम ठाकुर विश्व मोहन रूटीन वर्क के तहत बुधवार के दोपहर के बाद अनुमंडलीय



अस्पाल पहुंचे। इस दौरान अस्पाल में चल रहे रंग रोगन कार्यो को देखा तथा मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. चन्दन, स्वस्थ प्रबन्धक राजन कुमार से आवश्यक जानकारी प्राप्त की । डीपीएम ने अस्पाल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम पेसेंट वार्ड में पहुच भर्ती मरीजों व उनके अभिभावकों से उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्था आदि के सम्बंध पूछताछ की उसके बाद ऑपरेशन थियेटर गए था वहां के सर्जरी उपस्करों की जानकारी ली। इस दौरान डीपीएम ने पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर बतया की यहा चिकित्सा के लिये आने वाले मरीजो को देखते हुए 50 बेड वाले भवन निर्माण के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा मौके पर अन्य चिकित्सक एएनएम व जीएनएम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद रहे।

किसानों को समय पर बीज और उर्वरक करायें उपलब्ध : डीएम

जिलास्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की हुई समीक्षा, फार्मर आईडी बनाने पर भी जोर

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही रबी सीजन में विभिन्न फसलों के आच्छादन लक्ष्य, बीज की आवश्यकता, उपलब्धता एवं वितरण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान रबी 2025-26 के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य, बीज की मांग, प्राप्ति एवं किसानों के बीच वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। जिला कृषि पदाधिकारी श्री मृणाल शास्त्री ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अनुदानित दर पर मटर बीज उपलब्ध कराया गया है। वहीं, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन योजना के अंतर्गत राई-सरसों प्रत्यक्षण तथा अनुदानित दर पर राई-सरसों बीज प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत अनुदानित दर पर मसूर मिनीकिट तथा राज्य योजना के अंतर्गत त्रिफसलीय सरसों प्रत्यक्षण एवं प्रमाणित सरसों बीज वितरण के लिए भी बीज जिले को प्राप्त हो गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्राप्त बीजों का वितरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किसानों के बीच सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसान समय पर बुआई कर सकें और कृषि कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उर्वरक की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों में उपलब्ध स्टॉक एवं भौतिक रूप से मौजूद उर्वरक की नियमित जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उर्वरक की आपूर्ति होने के बाद कृषि समन्वयकों के माध्यम से भी भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि स्टॉक की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रहे और किसानों को सुगमतापूर्वक समय पर उर्वरक मिल सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी जेनरेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने को कहा। बैठक में प्राकृतिक खेती योजना एवं परंपरागत कृषि विकास योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि अभियंत्रण से संबंधित योजनाओं, उद्यान विभाग, पौधा संरक्षण विभाग तथा मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रियता बरतने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी श्री मृणाल शास्त्री, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक बीज विश्लेषण, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

नया सत्र शुरू होने से पहले ही पैक्स अध्यक्षों ने खोला मोरचा

संग्रामपुर (आससे)। धान अधिप्राप्ति का नया सत्र शुरू होने से पहले ही संग्रामपुर प्रखंड में पैक्स अध्यक्षों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्षों ने एकजुट होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अंचलाधिकारी सुमित कुमार को सौंपा। बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण पैक्स अध्यक्षों ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठाए और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। पैक्स अध्यक्षों ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती और अधिप्राप्ति से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी नहीं की जातीं, तब तक धान खरीद का कार्य शुरू नहीं किया जाएगा। पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि सरकार किसानों से धान खरीदने की जिम्मेदारी समितियों को सौंपती है, लेकिन इस प्रक्रिया में समितियों को होने वाली आर्थिक परेशानियों और विभागीय देरी की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 में समितियों द्वारा बिहार राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किए गए चावल का भुगतान समय पर नहीं होने से समितियों पर अतिरिक्त ब्याज का बोझ बढ़ रहा है। अध्यक्षों ने सवाल उठाया कि जब भुगतान में देरी विभागीय प्रक्रिया के कारण होती है, तो उसका आर्थिक नुकसान समितियां क्यों उठाएं? उन्होंने मांग की कि भुगतान में देरी के कारण लगने वाले अतिरिक्त ब्याज का भुगतान विभाग करे। ज्ञापन में मिलरों द्वारा कथित रूप से मनमाने ढंग से प्रति क्विंटल 100 रुपये मिलिंग चार्ज वसूले जाने पर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पैक्स अध्यक्षों ने इस पर तत्काल रोक लगाने तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही मिलिंग चार्ज सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं, प्रति क्विंटल धान पर कथित तौर पर 15 किलोग्राम की मनमानी कटौती किए जाने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया गया। अध्यक्षों का कहना है कि इस प्रकार की कटौती से समितियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने विभाग से इस मामले में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने और नियमों के विरुद्ध कटौती करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पैक्स अध्यक्षों ने राज्य स्तर से निर्धारित धान अधिप्राप्ति लक्ष्य पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मांग की कि पंचायतों का लक्ष्य जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त वास्तविक उत्पादन प्रतिवेदन के आधार पर निर्धारित किया जाए, ताकि किसानों की वास्तविक उपज के अनुरूप धान खरीद की व्यवस्था हो सके। इसके साथ ही मिल टैगिंग की प्रक्रिया में समितियों की सहमति और सुविधा को प्राथमिकता देने की मांग की गई। ज्ञापन में पैक्स, व्यापार मंडल, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और बिहार राज्य खाद्य निगम के बीच पूर्व की भांति त्रिपक्षीय समझौता एवं इकरारनामा कराने पर भी जोर दिया गया। पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि स्पष्ट समझौते और जिम्मेदारियों के निर्धारण के बिना समितियों को अधिप्राप्ति के दौरान कई तरह की आर्थिक एवं प्रशासनिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कनीय सचिवालय सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-01/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभी सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-02/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है:-

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन

उत्सव के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03439/03440 **मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

मालदा टाउन-शकूरबस्ती (03439)			(03440) शकूरबस्ती-मालदा टाउन		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
	–	10.00	मालदा टाउन	01.45	–	13.11.26
	12.50	12.55	साहिबगंज	22.25	22.30	
10.11.26	14.45	14.55	भागलपुर	20.55	21.05	
	16.05	16.10	जमालपुर	19.15	19.20	12.11.26
	17.35	17.40	किऊल	17.50	17.55	
11.11.26	17.00	–	शकूरबस्ती	–	18.50	11.11.26

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला और दिल्ली स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तिथि: मालदा टाउन से**-03439 दिनांक 10/11/2026 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **शकूरबस्ती से**-03440 दिनांक 11/11/2026 (बुधवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3 टियर-06, शयनयान श्रेणी-08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 06, एलएसएलआरडी-01 और पावर कार-01 = कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

पूर्वोत्तर रेलवे — अधिसूचना सं.: 193/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।



गाड़ी सं. 08021/08022 शालीमार-थावे-शालीमार त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08021 शालीमार से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08022 थावे से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 07-11-2026 से 21-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08021 शालीमार-थावे		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08022 थावे-शालीमार	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	10:15	शालीमार	03:30	-
10:30	10:35	सांतरागाछी	02:45	02:47
11:37	11:40	डानकुनि	00:47	00:50
12:30	12:33	बर्द्धमान	23:41	23:44
13:31	13:33	दुर्गापुर	22:16	22:18
14:05	14:10	आसनसोल	21:45	21:47
14:34	14:36	चित्तरंजन	21:15	21:17
15:14	15:16	मधुपुर	20:20	20:22
15:40	15:42	जसीडीह	19:48	19:50
16:45	16:50	झाझा	19:05	19:10
17:35	17:37	किऊल	17:10	17:12
19:15	19:25	बरौनी	15:20	15:30
20:25	20:27	शाहपुर पटोरी	13:25	13:27
21:10	21:15	हाजीपुर	12:35	12:40
21:25	21:27	सोनपुर	12:15	12:17
01:30	01:32	खैरा	10:43	10:45
01:45	01:47	मढ़ौरा	10:28	10:30
02:00	02:02	मशरख	10:12	10:14
02:23	02:25	दीघवा दुबौली	09:48	09:50
03:00	03:02	गोपालगंज	09:12	09:14
04:00	-	थावे	-	09:00

रेक संरचना: शयनयान-13, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

गाड़ी सं. 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08629 रांची से प्रत्येक वृहस्पतिवार को दिनांक 05-11-2026 से 19-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08630 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08629 रांची-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08630 गोरखपुर-रांची	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	11:35	रांची	07:55	-
12:43	12:45	मुरी	06:33	06:35
13:45	13:50	बोकारो स्टील सिटी	05:05	05:10
14:28	14:30	चंद्रपुरा	04:36	04:38
15:42	15:50	धनबाद	02:28	02:35
17:10	17:12	चित्तरंजन	00:18	00:20
18:00	18:02	मधुपुर	23:35	23:37
18:25	18:27	जसीडीह	23:08	23:10
19:30	19:35	झाझा	22:30	22:35
20:20	20:22	किऊल	20:08	20:10
22:00	22:10	बरौनी	18:30	18:40
23:00	23:02	शाहपुर पटोरी	17:10	17:12
00:20	00:22	हाजीपुर	16:20	16:25
00:35	00:37	सोनपुर	16:08	16:10
03:05	03:10	छपरा	13:55	14:00
04:00	04:05	सीवान	11:45	11:50
04:43	04:45	भटनी	10:10	10:12
05:06	05:08	देवरिया सदर	09:38	09:40
06:25	-	गोरखपुर	-	08:35

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-15, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-78B — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/19 Dated 03.11.2026

Notice for Special Stray Vacancy Round for MBBS and Round-5 for BDS / B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Special Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 , 2026/14 , 2026/15 Dated 18.10.2026 & 2026/16 Dated 22.10.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Stray Vacancy Round Counselling held from 29.10.2026 to 31.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Stray Vacancy Round Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from 04.11.2026**.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination